हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

04 6 क्विंटल प्रति एकड़ व 100 प्रतिशत मूंग खरीदी की...



07 दुर्लभ नोट के बदले 17 लाख का झांसा दिया, साइबर ठग...





**खबर संक्षेप**

### हर नागरिक तक पहुंचे पर्याप्त पेयजल : कलेक्टर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम द्वारा संचालित पेयजल योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के किसी भी नागरिक को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के दौरान यदि कहीं पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होती है तो उसकी तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए तथा पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी सभी परियोजनाओं का ट्रायल रन कर तत्काल हैंडओवर किया जाए, निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए तथा लंबित परियोजनाओं में तेजी लाकर उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद अमूल्य है, इसलिए कहीं भी पेयजल व्यर्थ न बहने दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में नए बोर की आवश्यकता हो वहां बुजुर्गों एवं महिलाओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए उपयुक्त स्थानों का चिन्हांकन किया जाए, ताकि लोगों को पेयजल के लिए अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के 1024 ग्रामों में पेयजल योजनाएं स्वीकृत हैं। इनमें 685 ग्राम समूह नल-जल योजनाओं तथा 332 ग्राम एकल नल-जल योजनाओं के दायरे में शामिल हैं। एकल योजनाओं में 321 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 200 समूह ग्रामों में जल प्रदाय प्रारंभ हो चुका है। इसके साथ ही पूर्ण हो चुकी 274 एकल नल-जल योजनाओं का विभाग को हस्तांतरण भी किया जा चुका है तथा शेष योजनाओं का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है।

# अब लोगों का खून बहा रहा निर्माणाधीन हाउसिंग बोर्ड आरओबी, हर दिन गिरकर चोटिल हो रहे वाहन चालक

## जनवरी में होना था शुभारंभ, शुरू हुआ जुलाई माह, अब भी शुभारंभ की तारीख तय नहीं

**सीहोर।** शहर से पुराने भोपाल-इंदौर हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों के लिए हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज राहत की जगह आफत बन चुका है। जिस पुल को महीनों पहले शुरू हो जाना चाहिए था, वह लेतलतीफी के कारण अब लोगों के खून बहने की वजह बन रहा है। वादे पर वादे फेल हो रहे हैं और जनता प्रशासन की इस लापरवाही का भारी खामियाजा भुगत रही है।

बता दें ब्रिज कॉर्पोरेशन ने बड़े-बड़े दावे किए थे कि जून के अंत तक हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज पर ट्रैफिक शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन जून का महीना खत्म होने के बाद भी पुल के ऊपर सिर्फ सन्नाटा पसरा है। यह पहली बार नहीं है, इस ओवरब्रिज को पहले जनवरी में ही शुरू होना था। जनवरी से जून आया और अब जुलाई आ गया है, लेकिन काम है कि खत्म होने का नाम नहीं ले रहा।

### कीचड़ में गिर रहे स्कूली बच्चे और राहगीर

अब जब बारिश का दौर शुरू हो चुका है तो इस आधे-अधूरे ब्रिज से लगी पुरानी सडक़ पर भारी कीचड़ मच गया है। सडक़ पर



इतनी फिसलन है कि आए दिन गाडिय़ां फिसल रही हैं। रोज सुबह स्कूल जाने वाले बच्चे इस कीचड़ में गिर रहे हैं, जिससे उनकी यूनिफॉर्म खराब हो रही है और वे चोटिल हो रहे हैं। गुरुवार को ही इस कीचड़ की वजह से एक बड़ा हादसा हो गया। बाइक फिसलने



घायल अजय सीठा

के कारण अजय सीठा नाम के व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए। उनके चेहरे से खून बहने लगा। इस हादसे के बाद अब स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है और लोग पूछ रहे हैं, आखिर कब तक लोगों का खून बहाएगा यह आरओबी।

### 99 फीसदी काम पूरा, पर डामर नहीं है

जब इस बदहाली और देरी पर ब्रिज कॉर्पोरेशन के सब इंजीनियर कैलाश वर्मा से बात की गई तो उनका कहना था कि हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज का 99 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सिर्फ एक प्रतिशत काम बाकी है, जो कि अंतिम चरण का डामरीकरण करना है। जैसे ही डामर की सप्लाई मिलेगी, काम पूरा कर रास्ता खोल दिया जाएगा। हैरान करने वाली बात यह है कि यह डामर कब तक आएगा, इसका जवाब किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के पास नहीं है।

### मुआवजे की डिमांड का इंतजार

बात सिर्फ डामर की नहीं है, ब्रिज से नीचे उतरते समय रास्ते में एक दीवार भी बाधा बनी हुई है। सब इंजीनियर वर्मा के मुताबिक इस दीवार को हटाने या इसके मुआवजे को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक डिमांड लेटर ब्रिज कॉर्पोरेशन को नहीं मिला है। कॉर्पोरेशन का कहना है कि जैसे ही प्रशासन लेटर देगा वे तुरंत फंड जारी कर देंगे। बहरहाल जो, फिलहाल तो दोनों ब्रिज पर ट्रैफिक शुरू नहीं होने से शहरवासी परेशान हैं।

### पहले ईरान-इजराइल युद्ध, अब सप्लाई का रोना

लगभग 57 करोड़ रुपये की लागत से दो ब्रिज हाउसिंग बोर्ड ब्रिज (28 करोड़ और फंदा आरओबी 29 करोड़) बन रहे हैं। पहले ब्रिज कार्पोरेशन ने बहाना बनाया कि ईरान-इजराइल युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डामर नहीं मिल रहा, इसलिए काम लेट हुआ। अब जब नई तारीख जून भी निकल गई तो स्थानीय स्तर पर डामर की किल्लत का रोना रोया जा रहा है।

## 30 जून को मिली शिकायत, 1 जुलाई को आनन फानन में खेत पर पहुंच गया राजस्व अमला

# जमीन पर बुआई कराने पहुंचे तहसीलदार और पुलिस टीम पर हमला, महिला आरक्षक सहित कई घायल

### ग्राम पीलूखेड़ी में समझाइश देने के दौरान भड़के अतिक्रमणकारी, लाठी, कुल्हाड़ी और दरांती से किया जानलेवा हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्यामपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पीलूखेड़ी में एक विवादित जमीन पर बोवनी का कार्य कराने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल पर जानलेवा हमला कर दिया। समझाइश देने के दौरान अनावेदकों ने अचानक लाठी, कुल्हाड़ी और दरांती से हमला बोल दिया। इस झड़प में पीड़ित पक्ष के ट्रैक्टर चालक के सिर में गंभीर चोट आई है, वहीं कानून व्यवस्था संभालने मौके पर मौजूद एक महिला आरक्षक भी घायल हो गई हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अहमदपुर थाना पुलिस ने तहसीलदार के शिकायती पत्र और पटवारी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। श्यामपुर तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पीलूखेड़ी में भोपाल रक्षाविहार डिफेंस कॉलोनी के रहने वाले अवधेश सेंगर पिता कमलसिंह की करीब सवा तीन हेक्टेयर निजी कृषि भूमि खसरा नंबर 127/7, 126/2, 126/3 व अन्य है।

इस जमीन पर पिछले साल भी अवधेश सेंगर ने ही सोयाबीन की फसल बोई थी और लंबे समय से उन्हीं का कब्जा चला आ रहा है। लेकिन इस साल गांव के ही रहने वाले पर्वत सिंह, राजेंद्र सिंह और विश्राम सिंह द्वारा अवधेश सेंगर को अपनी ही जमीन पर बोवनी करने से रोका जा रहा था और अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था।

### 30 जून को मिला आवेदन, 1 जुलाई का पहुंचा अमला

पीड़ित भूमिस्वामी अवधेश सेंगर ने फसल बोने में आ रही बाधा और जान के खतरे को देखते हुए 30 जून को तहसील कार्यालय श्यामपुर में आवेदन देकर प्रशासनिक संरक्षण और पुलिस सहायता की मांग की थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले ने तुरंत कार्रवाई की और अगले ही दिन 1 जुलाई को अहमदपुर थाना प्रभारी को पत्र जारी कर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### समझाने गए तो टूट पड़े आरोपी

शांति भंग होने की आशंका के चलते तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले और अहमदपुर टीआई खुद पुलिस बल और हल्का पटवारी सुमित मीना को साथ लेकर 1 जुलाई की दोपहर करीब 12.30 बजे मौके पर पहुंचे।

तहसीलदार ने बताया हम मौके पर पहुंचकर अनावेदक विश्राम सिंह, पर्वत सिंह आदि को समझाने का प्रयास कर रहे थे कि सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार इस भूमि के असली मालिक अवधेश सेंगर ही हैंr इसलिए उन्हें शांतिपूर्वक कृषि कार्य करने दिया जाए। लेकिन समझाइश के दौरान ही अनावेदक अचानक उग्र हो गए। देखते ही देखते आरोपी विश्राम सिंह, पर्वत सिंह, राजेंद्र सिंह, सीताबाई, क्षिप्रा बाई, कलावती बाई और उनके कुछ अन्य साथियों ने लाठी, कुल्हाड़ी और दरांती से अवधेश सेंगर और उनके सहयोगियों पर हमला बोल दिया। इस अचानक हुए हमले में खेत में ट्रैक्टर चला रहे अवधेश के सहायक के सिर में कुल्हाड़ी लाठी लगने से गहरी चोट आई। वहीं बीच-बचाव करने उतरीं पुलिस टीम की एक महिला आरक्षक को भी चोटें आईं।

### पटवारी की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज

घटना के तुरंत बाद मौके पर ही पंचनामा तैयार किया गया। शासन और तहसीलदार कार्यालय की ओर से अहमदपुर थाना प्रभारी को वैधानिक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इसके बाद हल्का नंबर 13 के पटवारी सुमित मीना पिता रविशंकर मीना ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। अहमदपुर पुलिस ने आरोपी विश्राम सिंह, पर्वत सिंह, राजेंद्र सिंह, सीताबाई, क्षिप्रा बाई और कलावती बाई के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

## इछावर में सबसे ज्यादा बारिश: कीचड़ में फंसे वाहन और सड़क पर गिरा पेड़

**सीहोर।** मानसून सक्रिय है और बारिश का दौर जारी है। जिला भू-अभिलेख शाखा के अनुसार, 2 जुलाई को जिले में औसतन 0.26 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही 1 जून से अब तक कुल औसतन 7.83 इंच वर्षा हो चुकी है।

गुरुवार को हुई बारिश में इछावर में सबसे अधिक 0.83 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई। सीहोर मुख्यालय पर 0.47 इंच और भैरूंदा में 0.43 इंच बारिश हुई। बुधनी में 0.16 इंच, रेहटी में 0.17 इंच और आष्टा में 0.04 इंच बारिश दर्ज की गई। श्यामपुर और जावर केंद्रों पर बारिश नहीं हुई।

**आष्टा में सबसे ज्यादा कुल बारिश :** 1 जून से अब तक के आंकड़ों के अनुसार, आष्टा में सबसे अधिक 11.50 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई



है। इसके बाद भैरूंदा में 10.71 इंच और इछावर में 9.76 इंच वर्षा हुई है। जावर में 6.98 इंच, सीहोर में 6.96 इंच, बुधनी में 6.81 इंच और रेहटी में 6.39 इंच बारिश दर्ज की गई है। श्यामपुर में अब तक सबसे कम 3.54 इंच वर्षा हुई है।

**बारिश के बाद कई इलाकों में यातायात प्रभावित:** मानसून की पहली तेज बारिश के बाद जिले के कई इलाकों में यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। चंदेरी गांव, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और बोरदी क्षेत्र में कीचड़ और पेड़ गिरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चंदेरी गांव के मुख्य मार्ग पर सड़क पर जमा मिट्टी बारिश के पानी से मिलकर दलदल में बदल गई। इस कीचड़ में एक भारी ट्रक फंस गया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों बाधित रहा।

## यात्रियों की मांग को सांसद विधायक ने किया पूरा, ओवरनाइट का हुआ स्टॉपेज

**सीहोर।** सांसद आलोक शर्मा और विधायक सुदेश राय ने यात्रियों की मांग को पूरा कर दिया है। श्रद्धालु यात्रियों नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर सीहोर रेलवे स्टेशन पर ओवरनाइट इंदौर जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का स्टापेज हो गया है। गुरूवार रात को पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के द्वारा सीहोर रेलवे स्टेशन पर शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अतिथियों के रूप में सम्मिलित होकर सांसद आलोक शर्मा और विधायक सुदेश राय हरी झंडी दिखाकर ट्रेन के





ठहराव का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

विधायक सुदेश राय ने कहा कि ओवरनाइट इंदौर जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का स्टॉपेज का लाभ शहर के व्यापारियों के साथ डेली अप डाउनर्स और कुबेरेशवर धाम आने वाले देश भर के श्रद्धालुओं को मिलेगा। इंदौर और जबलपुर आना जाना नागरिकों कें लिए सुविधाजनक होगा। कोरोना काल से बंद इस ट्रेन के स्टॉपेज की मांग नागरिकों के द्वारा की जा रही थी। इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री को भी पत्र लिखा गया था। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22191 इंदौर जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव रहेगा। प्रतिदिन आगमन 10 बजकर 26 मिनट पर और प्रस्थान 10 बजकर.28 मिनट पर होगा। जबलपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22192 जबलपुर इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर सुबह आगमन 6 बजकर 8 मिनिट और प्रस्थान 6 बजकर 10 मिनिट पर होगा।

## ग्रामीण बीबीजी राम जी का ग्राम पाटन में हुआ शुभारंभ

# अब मजदूरों को मिलेगा 125 दिन काम और 327 रुपए रोज : विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण बीबीजी राम जी के जिले में भव्य शुभारंभ को लेकर ग्राम पाटन में गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ग्रामीणों के द्वारा लाइफ सूना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए।

ऐतिहासिक जिलास्तरीय कार्यक्रम से ग्राम पाटन सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों में हर्ष खुशी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने विधायक सुदेश राय का जौरदार स्वागत कर अभिनंदन किया।

विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्रामीणों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसरों के सृजन और आजीविका को सुदृढ़ बनाने के




उद्देश्य से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण विकसित भारत-बाबाजी राम जी अधिनियम को लाया गया है। बीबी जीरामजी योजना से अब ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को नियमित 125 दिन से अधिक पक्का काम और मजदूरी के रूप में प्रतिदिन 327 रूपये मिलेंगे।

उन्होने कहा कि बीबी जीरामजी योजना से ग्रामीण के जीवन स्तर में सूधार होगा और सशक्त ग्राम समृद्ध भारत विकसित राष्ट्र के संकल्प को भी हमसब मिलकर पूरा करेंगें। विधायक राय ने भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में ग्रामीण क्षेत्रों की भागीदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों अधिकारियों और ग्रामीणों ने विधायक सुदेश राय के निर्देशन में सशक्त ग्राम समृद्ध भारत विकसित राष्ट्र का संकल्प लिया और ग्राम पंचायत परिसर में पर्यावरण संवर्धन का संदेश देते हुए सघन पौधरोपण किया। विधायक राय ने उपस्थित ग्रामीणों से पौधों की उचित देखरेख करने का आग्रह भी किया।

जिला पंचायत की सीईओ सर्जना यादव,जनपद पंचायत सीइओ नामिता बघेल वकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण बीबीजी राम जी की विस्तुत जानकारी दी।

कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय का पुष्प मालाऐं पहनाकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह मेवाडा, भूपेंद्र पाटीदार,भाजपा जिलामंत्री गिरीश सोलंकी लालू बना, सांसद प्रतिनिधि गायाराम गौर,दिनेश मेवाड़ा,मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, सरपंच राकेश पटेल, एलम सिंह दांगी, प्रदीप वर्मा सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी भाजपा कार्यकर्ता छात्र छात्रऐं महिलाऐं उपस्थित रहे।

## मठ-मंदिर की दान पेटी तोड़ने वाला चोर गिरफ्तार

# सवा लाख बरामद, आरोपी ने सीहोर और आष्टा के दो मंदिरों में चोरी कबूली





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस ने गुरुवार को मठ मंदिर में चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी हुए करीब सवा लाख रुपए बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी ने सीहोर और आष्टा के दो अन्य मंदिरों में भी चोरी की वारदातें कबूल की हैं।

यह मामला 30 जून को सामने आया था, जब ब्रह्मानपुर कस्बा सीहोर निवासी सीताराम ने पुलिस को सूचना दी। सीताराम, मठ मानस समिति के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर के पुजारी ने दान पेटी का ताला टूटा होने की जानकारी दी थी। समिति सदस्यों ने मौके पर जाकर देखा तो मंदिर का गेट और दान पेटी का नकुचा टूटा था, जिससे अज्ञात चोर पैसे चुरा ले गया था।

कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अलग-अलग टीमें गठित कीं। पुलिस ने मंदिर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और घटना स्थल के आसपास सघन चेकिंग व सर्चिंग अभियान चलाया। इन प्रयासों के बाद पुलिस को आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।

**आरोपी ने सीहोर और आष्टी में की चोरी कबूली :** गिरफ्तार आरोपी की पहचान राज उर्फ राजू पिता नान सिंह बारेला (20) निवासी ग्राम बसंतपुर टांडी, थाना भैरूंदा, जिला सीहोर के रूप में हुई है।

आरोपी ने मठ मंदिर की चोरी के अलावा सीहोर के करौली माता मंदिर और आष्टा के माता मंदिर में भी चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले भी थाना भैरूंदा में चोरी के एक मामले में पकड़ा जा चुका है। संबंधित थानों को अन्य वारदातों की सूचना दे दी गई है।

**खबर संक्षेप**



### जिपं सीईओ ने झरखेड़ा में माँ की बगिया का किया निरीक्षण

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने ग्राम झरखेड़ा में 'मां की बगिया' का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पौधरोपण, पौधों के संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था एवं बगिया के समुचित रखरखाव की स्थिति देखी और रखरखाव करने वाली दीदियों से बगिया के बारे में जानकारी ली। सीईओ यादव ने कहा कि 'मां की बगिया' का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण महिलाओं को फलोद्यान आधारित आजीविका से जोड़ना है। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को मां की बगिया से जोड़ा जाए और उन्हें इस योजना से लाभान्वित किया जाए।

### जिले के 6 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एनक्यूएएस प्रमाणित

**सीहोर।** एनएचआरसी दिल्ली द्वारा जिले के अहमदपुर, श्यामपुर, रूपेटा, सतपिपलिया, गोलुखेड़ी और ढ़ाबलाराय के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया है। उल्लेखनीय है राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीम द्वारा इन स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया था। टीम द्वारा केंद्र में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्र की मानक जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में सभी स्वास्थ्य सेंवाएं गुणवत्तपूर्ण ढ़ंग से संचालित पाई गईं। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रही हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### अशोक भाटी बने कांग्रेस सेवादल बुधनी विस क्षेत्र के अध्यक्ष

**सीहोर।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.बी.श्रीनिवास म.प्र.सेवादल कांग्रेस के अध्यक्ष अविनाश भार्गव तथा जिला सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले की अनुसंशा पर ग्राम ढोलपुर निवासी भैरूंदा के अशोक भाटी को कांग्रेस सेवादल बुधनी विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री भाटी म.प्र.कांग्रेस सेवादल के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। वह लम्बे समय से कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े रहकर संविधान के मूल्यों एवं जनसेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करते आ रहे हैं। उन्होने संगठन को मजबूत बनाने, कार्यर्ताओं को जोडऩे तथा आमजनों की समस्याओं को उठाने में सक्रीय भूमिका निभाई है। सेवादल के माध्यम से युवाओं, महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं को जोडऩे बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जप तक पहुंचाने का कार्य नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ायेंगें।

## 6 जून को ट्रैक्टर रैली और 'घेरा डालो-डेरा डालो' आंदोलन करेंगे किसान

# 6 क्विंटल प्रति एकड़ व 100 प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग को लेकर किसान आंदोलन तेज

किसान स्वराज संगठन ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो 6 जून से बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा






मध्य प्रदेश में मूंग खरीदी को लेकर किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। भैरुंदा क्षेत्र में किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में किसानों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। किसानों की मुख्य मांग है कि सरकार मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करे और प्रति एकड़ कम से कम 6 क्विंटल तक उपज खरीदी जाए। इन मांगों को लेकर गुरुवार को बड़ी संख्या में किसान भैरुंदा तहसील पहुंचे और एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

किसानों का कहना है कि इस बार क्षेत्र में मूंग का उत्पादन काफी अच्छा हुआ है और कई जगहों पर रिकॉर्ड स्तर पर पैदावार हुई है। लेकिन सरकार द्वारा 25प्रतिशत 1,50 क्विंटल मान से खरीदी किए जाने के फैसले से किसानों में चिंता बढ़ गई है। किसानों का आरोप है कि यदि पूरी उपज की खरीदी नहीं की गई, तो उन्हें अपनी मेहनत की फसल मंडी में औने-पौने दामों पर व्यापारियों को बेचनी पड़ेगी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा। ज्ञापन देने से पहले भैरूंदा कृषि उपज मंडीके विश्राम गृह में किसानों और किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी 6जन को होने वाले आंदोलन की रूपरेखा और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के बाद किसान मंडी परिसर से पैदल मार्च करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। यहां किसानों ने जमीन पर बैठकर ताली बजाते हुए नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया।

किसान स्वराज संगठन ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो 6 जून से बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस आंदोलन के तहत 'घेरा डालो-डेरा डालो' अभियान चलाया जाएगा। बड़े आंदोलन के साथ टैक्टर वाहन रैली निकाली जाएगी, संगठन के अनुसार इस दिन किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ सैकड़ों किसान सड़कों पर उतरेंगे और धरना-प्रदर्शन के साथ चक्काजाम भी करेंगे।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि किसान लंबे आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए वे अपने साथ खाने-पीने का सामान, गैस सिलेंडर, चूल्हा और तंबू तक लेकर आएंगे, ताकि जरूरत पड़ने पर आंदोलन को अनिश्चितकाल तक जारी रखा जा सके। उन्होंने ने साफ कहा है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाएगा, तब तक वे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

संघ के पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि 6 जून को जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा और मौके पर ही समाधान की मांग की जाएगी। किसानों की मांग है कि कलेक्टर स्वयं भैरुंदा पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनें और तत्काल समाधान के लिए सरकार से चर्चा करें। यदि कलेक्टर मौके पर नहीं आते हैं, तो किसान सड़को पर डेरा डाले अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे। जब तक जिला कलेक्टर हमारी मांगे सुनने और ज्ञापन लेने स्वयं नहीं आएंगे।

संघ ने स्पष्ट कहा है कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा, लेकिन जरूरत पड़ने पर सड़कों पर चक्काजाम भी किया जाएगा। यदि आंदोलन के दौरान आमजन को किसी प्रकार की परेशानी होती है, तो इसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी, क्योंकि किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए मजबूर होकर यह कदम उठाना पड़ रहा है।

किसानों की मुख्य मांगों में मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी, प्रति एकड़ 6 क्विंटल खरीदी की सीमा तय करना और खरीदी प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाना शामिल है। किसानों का कहना है कि सरकार को उनकी मेहनत का सही मूल्य देना चाहिए, ताकि वे कर्ज और घाटे से बच सकें।

भैरुंदा सहित आसपास के गांवों में इस आंदोलन को लेकर किसानों में काफी उत्साह और समर्थन देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में किसान 6 जून को होने वाले आंदोलन में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। ट्रैक्टर रैली निकालने और बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने की तैयारियां जोरों पर हैं। अब देखना यह होगा कि सरकार किसानों की मांगों पर क्या रुख अपनाती है।

### सीहोर से बाबा अमरनाथ के लिए रवाना होगा 55 सदस्यों का पहला जत्था



**सीहोर।** बाबा अमरनाथ सेवा मंडल, गल्ला मंडी, सीहोर के तत्वाधान में बाबा अमरनाथ जी की पवित्र यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था पूरी श्रद्धा के साथ रवाना होने के लिए तैयार है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंडल के राम भरोस यादव ने बताया शुक्रवार को 55 सदस्यों का यह मंडल बाबा अमरनाथ जी के दर्शन के लिए प्रस्थान करेगा। उन्होंने आगे बताया कि सभी श्रद्धालु शाम चार बजे सीहोर रेलवे स्टेशन से मालवा एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से अपनी यात्रा शुरू करेंगे।

## छात्रवृत्तियों और शासन की विभिन्न योजनाओं की विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ के अंतर्गत नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत प्राचार्य डॉ. कलिका डोलस के द्वारा किया गया। आपने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने एवं प्रतिदिवस कक्षाओं में आने हेतु प्रेरित किया आपने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों से विस्तृत चर्चा की।




मानसिक स्वास्थय जागरूकता के अंतर्गत राष्ट्रीय मानसिक पुनर्वास संस्थान की साइकोलोजी की एच.ओ.डी डॉ. प्रियंका लैंका ने एन.आई.एम.एच.आर के उद्देश्य एवं वहा पर संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी उपलब्ध कराई डॉ. कीर्ति जैन ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव के विभिन्न कारणो जैसे पढाई का प्रेषर घर से पलायन, कैरियर की चिंता घर वालों की अपेक्षा आदि कारणों पर विस्तार से प्रकाश डाला आपने 54321 फार्मूले के माध्यम से तनाव का समाधान करना विद्यार्थियो को सिखाया, डॉ. प्रकाश द्वारा विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरो के माध्यम से अपनी शंकाओं के समाधान हेतु प्रेरित किया, प्रवेश प्रभारी डॉ. राजेश बकोरिया ने मेजर, माइनर, एम.डी.सी, व्यासायिक पाठ्यक्रमो की विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की इस अवसर पर डॉ. अनूप सिंह, रविस्वरूप विरहा, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. मंगला रायबोले, डॉ. भारती सक्सेना, डॉ नाजिम हुसैन, कु. नूरजहा हासमी, दानिष शेख, रमांकात रिछारिया, बृजेष विश्वकर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### प्राचार्य आरके मिश्रा और बीआर साहू को भावभीनी विदाई, सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

**बुधनी।** शासकीय हाई स्कूल जोशीपुर के प्राचार्य आर.के. मिश्रा एवं शासकीय हाई स्कूल ट्रैक्टर नगर के प्राचार्य बी.आर.साहू मंगलवार को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए इस अवसर पर दोनों विद्यालयों में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित कर उनके दीर्घकालीन शैक्षणिक योगदान को याद किया गय।



जोशीपुर हाई स्कूल में आयोजित समारोह में प्राचार्य आर.के. मिश्रा का जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने पुष्पमालाओं एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विद्यालय में अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। समारोह में ग्राम पंचायत जोशीपुर के सरपंच शिशुपाल सिंह ठाकुर,बसंत राजपूत, राजेंद्र सिंह राजपूत, सोनू राजपूत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी शशि सिंह, पूर्व बीईओ जी.पी. मीणा,संकुल प्राचार्य डॉ.ओ.पी.यादव, पीएम राइज स्कूल की प्राचार्य सुधा सोलोमन,उप प्राचार्य सुरेंद्र सिंह जमालिया, रश्मि भदौरिया, पंचायत सचिव मोनू राजपूत,माखन यादव,नवीन तनेजा,धर्मेंद्र राजपूत, बरजोर सिंह कीर, केशव चौहान,अजय गौर,किरण यादव, अनीता सविता, शिवानी स्वामी,रचना नोरिया,रचना भारती सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसी प्रकार ट्रैक्टर नगर हाई स्कूल में प्राचार्य बी.आर. साहू के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनके सेवाकाल को याद करते हुए स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की कार्यक्रम में नरेंद्र तिवारी,नरेंद्र डाले,सुखदेव धुर्वे, राजश्री तिवारी,रक्षा गौर,सावित्री मांझी, मीनाक्षी परते,किरण विश्वकर्मा,सुमित साहू सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## दलितों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने दिया गया एक दिवसीय धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




दलित वर्गों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना दलित कांग्रेस के नेता तथा जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल नरेन्द्र खंगराले द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष दिया गया। जिसमें प्रमुख समस्याऐं इस प्रकार रही। सीहोर अजा वार्ड क्रं. 11 के निर्दलीय पार्षद लोकेन्द्र चौहान का म.प्र.सरकार द्वारा लुनिया पिछड़ा वर्ग मानते हुए अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बेलदार निरस्त किया गया है। पार्षद पद से तत्काल हटाने एवं 420 सी का प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल भेजने की मांग, अजाक्स थाना जिला सीहोर में दलित वर्ग के आवेदन नही लिये जाकर उन्हें भगा दिया जाता है। ड्यूटी पर उपस्थित अधिकारी उनके आवेदन प्राप्त कर अजाक्स थाने की सील लगाकर प्राप्ति दी जावे। सीहोर के ग्राम फूल मोगरा अनुसूचित जाति वर्ग की पट्टे की कृषि भूमि पर अनावेदिका फरीदा कुरेशी द्वारा बलात कब्जा किया गया है, पटवारी दल बनाकर पुलिस अभिरक्षा में कृषि भूमि वापस दिलाई जावे। ग्राम कचनारिया में अजा के प्रमोद अहिरवार तथा उसकी पत्नि व पुत्री अन्य महिलाओं के साथ जातिगत अपमान गाली गलोच का प्रकरण अजाक्स थाने में या श्यामपुर थाने में दर्ज कर गौर समाज के प्रभावशाली पर कार्यवाही की जाकर पट्टे की भूमि मुक्त कराई जावे। ग्राम उदयपुर आष्टा में जांगड़ा समाज अजा के पट्टा धारी कृषि भूमि पर कब्जा करने वाले प्रभावशालियों से भूमि वापस दिलाई जाकर प्रकरण पंजीबद्ध किया जावे तथा थाना सिद्दिकगंज द्वारा बार-बार उन्हें परेशान किया जाता है, उस पर रोक लगाई जावे। ग्राम रायपुरा थाना मण्डी अन्तर्गत अजा की पीड़ित महिला संगीता अहिरवार तथा उसकी पुत्री के साथ मारपीट करने वाले मेवाड़ा समाज के प्रभावशालियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जावे। जांगड़ा समाज ग्राम भुपोड़ आष्टा अनुसूचित जाति वस्ती में सामूदायिक भवन लागत राशि 25 लाख से निर्माण की राशि आदिम जाति कल्याण विभाग जिला सीहोर से दिलाई जाकर निर्माण कराया जावे।

ग्राम रतनपुर इछावर के सुशील बड़ोदिया पिता डी.बी.बड़ोदिया अनुसूचित जाति के मकान की पट्टे की भूमि पर अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाया जावे।

एक दिवसीय धरने पर बैठे पीड़ित परिवार की समस्याओं के सम्बंध में कलेक्टर के.बाला गुरु के प्रतिनिधि संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार सीहोर के एसडीएम राजस्व तनवय वर्मा, शहर तहसीलदार अमित सिंह एवं पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि उप पुलिस निरिक्षक अजाक्स प्रदीप चरोडक़र ने ज्ञापन में उल्लेखित समस्याओं के निराकरण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये जाकर धरना समाप्त कराया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद नरेन्द्र खंगराले, आरती नरेन्द्र खंगराले पूर्व पार्षद प्रदेश सचिव म.प्र.महिला कांग्रेस, दीपक सोनकर, डी.बी.बड़ोदिया, माखन धनवाल, चन्दरसिंह केथवाल, बाबुलाल केथवाल, मदनलाल केथवाल, राजु जांगड़ा, औंकार सिंह पूर्व सरपंच उदयपुर, देवकरण मालवीय, अनिल पेरवाल, पूर्व सरपंच नन्दकिशोर मालवीय, प्रमोद कुमार अहिरवार, सरिता अहिरवार, रेशम बाई, विक्रम गोयल, हजारीलाल, पर्वत सिंह, मुलजी, बाबुलाल नारायण सिंह, सैतान बाई, ललता बाई, ठाकुर प्रसाद, विनोद वर्मा आदि गोयल परिवार उपस्थित रहे।

### राम की बारात आई तो खूब चली आतिशबाजियां, हुआ स्वागत

# भगवान परशुराम शिव धनुष को खंडित देखकर काफी क्रोधित, लक्ष्मण संवाद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्षेत्रवासियों के सहयोग से प्रयागराज से शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में श्री रामायण रामलीला मंडल के तत्वाधान में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। लीलाओं का भव्य मंचन हुआ। एक-एक प्रसंग में भावपूर्ण संवाद और बेहतरीन अभिनय से कलाकारों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस मौके पर आयोध्या से आई राम बारात का मंदिर के संत माधवदास महाराज, रामलीला के महंत बृजेश शर्मा, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, आयुष गुप्ता आदि ने आतिशबाजी कर स्वागत किया।



देर रात्रि को आयोजित रामलीला में मिथिला नरेश राजा जनक ने सीता के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया गया, जिसमें अन्य राज्यों के राजकुमारों राजाओं को आमंत्रित किया गया। सभा में स्वयंवर के लिए निर्धारित शर्त को बताया गया।

स्वयंवर की शर्तानुसार कोई भी राजा शिव धनुष का चिल्ला नहीं चढ़ा सका। अंत में गुरु विश्वामित्र के कहने पर श्री राम द्वारा शिव धनुष का चिल्ला चढ़ाकर सीता से विवाह किया। इस दृश्य के बीच में लक्ष्मण का संवाद का आयोजन किया, अयोध्या नरेश बारात सहित मिथलापुरी में पहुंचे। स्वयंवर स्थल पर पहुंचे भगवान परशुराम शिव धनुष को खंडित देखकर काफी क्रोधित होते हैं। बाद में रामा अवतार की सच्चाई जानकर वन में चले जाते हैं। अयोध्या से बरात आने के बाद जनकपुर में राम और सीता का विवाह संपन्न होता है।

#### प्रभु श्री राम की लीलाओं का स्मरण

संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि प्रयागराज के रामलीला मंडल के द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में रात्रि आठ बजे से भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर राजतिलक तक कलाकारों के द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी जा रही है। प्रभु श्री राम की लीलाओं का स्मरण और उनका गुणगान मन को असीम शांति, आनंद और सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। भगवान राम का संपूर्ण जीवन हमें धर्म, मर्यादा, त्याग, और प्रेम का मार्ग दिखाता है। उनकी लीलाओं से जुड़े कुछ प्रमुख प्रसंगों और स्थलों का स्मरण करने मात्र से जीवन में भक्ति का संचार हो जाता है।

## नारी शक्तियों ने योग शिक्षकों का किया सम्मान समारोह

**सीहोर।** नगर में नारी शक्तियों द्वारा आयोजित योग शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक श्री सुरेश राय जी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आदरणीय अरुणा राय ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा द्वारा की गई। नृत्य प्रस्तुति चित्राशी यादव ,सुनयना रावत बालिकाओं द्वारा की गई।



समारोह में लगभग 50 से अधिक गणमान्य नागरिकों एवं योग साधकों की उपस्थिति में योग शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षिका छाया यादव ने योग के महत्व, उसके वैज्ञानिक लाभ तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने की आवश्यकता पर सरल एवं प्रेरणादायक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने योग के कर्म, उद्देश्य एवं जीवन में उसकी उपयोगिता को विस्तारपूर्वक समझाते हुए संक्षिप्त एवं सारगर्भित जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2007 से योग से जुड़ी हुई हैं। अब तक उन्होंने सीहोर जिले के अनेक स्थानों पर निःशुल्क योग प्रशिक्षण देकर हजारों लोगों को योग से जोड़ने का कार्य किया है। वर्तमान में भी उनके द्वारा नियमित योग कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिससे अनेक लोग योग का लाभ प्राप्त कर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्य अतिथि अरुणा राय ने योग शिक्षकों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की श्रेष्ठ जीवनशैली है। अरुणा राय ने योग प्रशिक्षिका छाया यादव के समर्पण, सेवा भावना एवं समाज में योग के प्रति जनजागरण के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छाया यादव निरंतर निस्वार्थ भाव से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रही हैं, जो अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएँ भी दीं।

कार्यक्रम का सफल संचालन सोनी शर्मा द्वारा किया गया। अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों ने इस आयोजन को अत्यंत प्रेरणादायक, अनुकरणीय एवं सफल बताते हुए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

### पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने नागरिकों से सावधान रहने की अपील की

# दुर्लभ नोट के बदले 17 लाख का झांसा दिया, साइबर ठग राजस्थान से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

फेसबुक पर दुर्लभ नोट (5 रुपये का ट्रैक्टर वाला नोट) खरीदने के नाम पर 17 लाख रुपये का लालच देकर एक व्यक्ति से 3.65 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर ठग को ब्यावरा पुलिस ने राजस्थान के खैरथल-तिजारा से धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3.24 लाख रुपये नगद और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

## आत्महत्या की दहलीज से लौटा पीड़ित

पुलिस के अनुसार, आलमपुर निवासी अनिल राजपूत इस ठगी के बाद मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गया था। उसकी जमा-पूंजी ठगों ने हड़प ली थी। हताशा में वह जान देने के इरादे से घटनास्थल पर पहुँच गया था, लेकिन तभी ग्रामीण बलवंत सिंह सौंधिया ने सूझबूझ दिखाते हुए उसे समझाया और अनहोनी होने से बचा लिया।



पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बलवंत सिंह की इस मानवीय पहल के लिए उन्हें शॉल-श्रीफल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया है।

## पुलिस की मुस्तैदी से खुला राज

घटना के बाद थाना ब्यावरा शहर में अपराध क्रमांक 451/2026 दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण और साइबर सेल की मदद से राजस्थान के मटोरे गांव के निवासी जुबेर खान (28) को चिन्हित किया। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीम ने राजस्थान पुलिस के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## आमजन से अपील

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने नागरिकों से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले लॉटरी, इनाम, या दुर्लभ नोटों की खरीद-फरोख्त के झांसे में न आएं। किसी भी अनजान व्यक्ति से अपने बैंक विवरण या गोपनीय कोड साझा न करें। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत नेशनल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

## ये रहे कार्रवाई में शामिल

इस ऑपरेशन में थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, साइबर प्रभारी जितेन्द्र अजनारे, उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा सहित पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य किया।

### ब्यावरा में सफाई अभियान की उड़ीं धज्जियां

# कचरे के ढेर पर सिस्टम, नालियां चोक और आवारा मवेशी खा रहे प्लास्टिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिले के ब्यावरा शहर में स्वच्छ भारत अभियान के बड़े-बड़े दावों के बीच शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। नगर पालिका के तमाम दावे जमीनी हकीकत के आगे दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। शहर के प्रमुख व्यावसायिक और रिहायशी इलाकों में पसरी गंदगी ने स्थानीय निवासियों और राहगीरों का जीना मुश्किल कर दिया है।

## सब्जी मंडी से लेकर जाटव धर्मशाला तक कचरे का साम्राज्य

शहर के सुठालिया रोड स्थित जाटव धर्मशाला गंदे नाले में इस समय सबसे ज्यादा बदहाली देखने को मिल रही है जहाँ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं सब्जी मंडी का हाल भी इससे जुदा नहीं है। मंडी में कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग चुके हैं। विडंबना देखिए कि इन कचरे के ढेरों में मुंह मारती आवारा गायें साफ देखी जा सकती हैं जो गीले-सूखे कचरे के साथ जहरीली प्लास्टिक खाने को मजबूर हैं। इससे न केवल महामारी का खतरा बढ़ रहा है बल्कि मवेशियों की जान पर भी बन आई है।

## चूड़ी गली में नालियां चोक, दुकानों के सामने नालियों में भरा कचरा

यही नहीं सुठालिया रोड की प्रसिद्ध चूड़ी गली में भी नगर पालिका की घोर लापरवाही उजागर हुई है। यहाँ दुकानों के ठीक सामने नालियां कचरे से पूरी तरह भरी पड़ी हैं। नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी और कचरा सड़कों पर आ रहा है जिससे उठने वाली सड़न और बदबू के कारण दुकानदारों पर बैठना और ग्राहकों का खड़ा होना भी दूभर हो गया है।



## बड़े हादसे को आमंत्रण दे रही टूटी जाल

सुठालिया रोड पर ही नाली के ऊपर लगी एक लोहे की जाली लंबे समय से टूटी पड़ी है। मुख्य मार्ग पर बीचों-बीच टूटी जाली की वजह से आए दिन राहगीर और दुपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। खासकर रात के अंधेरे में यहाँ से गुजरने वाले लोगों के लिए यह जाली किसी बड़े हादसे के जाल जैसी नजर आती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। सफाई अभियान के नाम पर लाखों-करोड़ों का बजट ठिकाने लगाया जा रहा है वहीं ब्यावरा की सड़कों पर इस अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। अब देखना यह है कि इस खबर के बाद कुंभकर्णी नींद में सोया नगर पालिका प्रशासन जागता है या ब्यावरा की जनता को ऐसे ही नरकीय हालातों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## इनका कहना है...

आपसे जानकारी मिली है तत्काल सफाई करवाते है

**नगर पालिका सीएमओ इकरार अहमद**

# सारंगपुर को मुख्यमंत्री ने दी विकास की बड़ी सौगातें, पृथ्वीराज ने जताया आभार




हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणा की। उनके आगमन पर विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक रूप से गदा भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सारंगपुर में रेडेंसिफिकेशन योजना के तहत जर्जर शासकीय भवनों के पुनर्निर्माण, अंबे माता मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण, फोरलेन मार्ग के समीप हाउसिंग बोर्ड की आवासीय कॉलोनी, सारंगपुर-संडावता मार्ग पर उतावली नदी पर नए पुल, करौंदी से हीरापुरा तक सड़क निर्माण तथा नगर परिषदों में द्वारका नगरी योजना के तहत सड़क विकास कार्यों की घोषणा की। साथ ही भैंसवा माता लोक के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए 20 करोड़ रुपये स्वीकृत करने की भी घोषणा की। विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये सौगातें क्षेत्र के विकास को नई गति देंगी। उन्होंने कहा कि सड़क, पुल, आवास, धार्मिक पर्यटन और आधारभूत संरचना से जुड़े ये निर्णय सारंगपुर की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भी मुख्यमंत्री एवं मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम किया

# वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ माह के प्रथम दिवस का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ

माह के प्रथम दिवस पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन कर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा एवं कर्तव्यबोध का परिचय दिया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा आमजन को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। माह के प्रथम दिवस पर आयोजित यह परंपरागत कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं शासकीय कार्यों के प्रति समर्पण की भावना को सुदृढ़ करने का प्रतीक रहा।

### अभियान जन-आंदोलन का रूप ले चुका है

# बिलोदा पाल में काई नदी व बावड़ी पूजन के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह मंगलवार को सारंगपुर विकासखंड के बिलोदा पाल में काई नदी एवं बावड़ी पूजन के साथ आयोजित किया गया।

पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच दिनेश पाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मोहन पाल, सेक्टर प्रभारी लोकेश नाहर तथा पंचायत सचिव नारायणसिंह सोनगरा उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि बद्रीलाल बामनिया ने



अपने संबोधन में कहा कि ₹जल ही जीवन का आधार है। हमारी प्राचीन संस्कृति में नदियों को मां का दर्जा दिया गया है। जन अभियान परिषद के माध्यम से प्रदेशभर में यह अभियान जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। लाखों कुएं, बावड़ियां, तालाब और नदियां, जो गाद और कचरे से भर गए थे, उन्हें श्रमदान के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान का औपचारिक समापन अवश्य हुआ है, लेकिन जल संरक्षण का संकल्प निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को जल की प्रत्येक बूंद बचाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम के अंत में समिति अध्यक्ष मनोज पाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

# पैरामेडिकल कॉलेज की छात्रा से छेड़छाड़, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

सारंगपुर स्थित पैरामेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने एक छात्र के साथ छेड़छाड़, पीछा करने और उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता छात्रा ने बताया कि कॉलेज में साथ पढ़ने वाला छात्र रिजवान उसे लगातार परेशान कर रहा था। छात्रा का आरोप है कि उसने आरोपी का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया था, इसके बावजूद वह अलग-अलग माध्यमों से संपर्क करने का प्रयास करता रहा और उसका पीछा




करता था। शिकायत में छात्रा ने बताया कि आरोपी कॉलेज परिसर के साथ-साथ उसके आवास के आसपास भी पहुंचकर संपर्क करने की कोशिश करता था। लगातार हो रही इन हरकतों से परेशान होकर छात्रा ने सारंगपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी रिजवान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। प्रारंभिक कार्रवाई के तहत आरोपी को हिरासत में लिया गया है तथा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।वहीं पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और दोनों पक्षों के बयान के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने द्वारा दर्ज प्रकरण के अनुसार आरोपी और शिकायतकर्ता की पहचान सामने आई है। मामले की जांच जारी है और अंतिम निष्कर्ष न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही स्पष्ट होगा।

# समस्त रेत खदानों में खनिज रेत खनन कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित

**राजगढ़।** म.प्र. में वर्षा ऋतु के लिए मानसूत्र सत्र की अवधि 15 जून से 01 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिले में रेत उत्खनन पर रोक लगाने के संबंध में स्थानीय मौसम परिवर्तन के आधार पर उक्त निर्धारित वर्षाकाल अवधि में परिवर्तन किया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा राजगढ़ जिले में विगत वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी मानसून सत्र की अवधि निर्धारित करते हुए 30 जून, 2026 की मध्यरात्रि से 01 अक्टूबर, 2026 तक समस्त रेत खदानों में खनिज रेत खनन कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया हैं।

# माहेश्वरी महिला मंडल ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

माहेश्वरी महिला मंडल सारंगपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल की पदाधिकारियों एवं समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष रूपल सादानी ने कहा कि प्रकृति की रक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल, समय पर सिंचाई और सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाने की जिम्मेदारी भी




सभी को निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ₹वृक्ष लगाकर हम अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण एवं जीवनदायी सांसों का संकल्प ले रहे हैं।₹उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से पर्यावरण संरक्षण के इस जन-जागरूकता अभियान से जुड़ने और प्रकृति की रक्षा में अपना योगदान देने की अपील की।

# वित्तीय अनियमितता पर तीन सरपंचों पर गाज, पद से हटाए और 6 साल के लिए चुनाव लड़ने पर रोक

> इस कार्रवाई से जिले की अन्य पंचायतों में भी हड़कंप मच गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले में पंचायतों में चल रही गड़बड़ियों और वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ जिला पंचायत प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करते हुए तीन अलग-अलग ग्राम पंचायतों के सरपंचों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से जिले की अन्य पंचायतों में भी हड़कंप मच गया है।

## असंतोषजनक जवाब पर कार्रवाई

जिला पंचायत द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत सुल्तानिया के सरपंच जितेन्द्र मालवीय के विरुद्ध धारा 40 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान सरपंच आरोपों का कोई भी संतोषजनक खंडन प्रस्तुत नहीं कर सके। इसे गंभीरता से लेते हुए सीईओ डॉ. गढ़पाले ने उन्हें तत्काल प्रभाव से सरपंच पद से पृथक कर दिया है। साथ ही, उन्हें आगामी 6 वर्षों के लिए किसी भी पंचायत निर्वाचन में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

## वित्तीय हेरफेर पर वसूली और प्रतिबंध

इसी तरह, जनपद पंचायत ब्यावरा की ग्राम पंचायत तलावली के सरपंच सूरज सिंह यादव के विरुद्ध धारा 89 के तहत वित्तीय अनियमितता का मामला पाया गया। प्रशासन ने न केवल उनके विरुद्ध वसूली (रिकवरी) अधिरोपित की है, बल्कि उन्हें भी 6 साल के लिए चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया है। वहीं, जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ की ग्राम पंचायत झाड़ला में योजनाओं के संचालन में लगभग 1.60 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता पकड़ी गई। यहां भी जिला पंचायत ने संबंधित राशि की वसूली सुनिश्चित करते हुए सरपंच को आगामी 6 वर्षों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

## पारदर्शिता के प्रति प्रशासन का सख्त संदेश

जिला पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पंचायतों में वित्तीय अनुशासन बनाए रखना और विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित जनप्रतिनिधियों के खिलाफ इसी तरह की कठोर और विधिसम्मत कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, न्याय के लिए दर-दर भटक रहे पीड़ित

# 74 वर्षीय बुजुर्ग दंपती को दत्तक पुत्र ने घर से निकाला, प्रधानमंत्री आवास में जड़ दिया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर

सहारा बनने के लिए गोद लिए गए पुत्र ने ही जब कसाई का रूप ले लिया, तो बेसहारा बुजुर्ग दंपती की दुनिया उजड़ गई। नगर के नाना बाजार निवासी 74 वर्षीय वाहिद शाह और उनकी पत्नी जन्नत बी इस समय दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। आरोप है कि उनके दत्तक पुत्र ने उन्हें घर से बाहर निकालकर प्रधानमंत्री आवास में ताला जड़ दिया है।

## क्या है पूरा मामला?

फरियादी वाहिद शाह ने पड़ोसी मुज्मिल हुसैन के साथ माचलपुर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि निःसंतान होने के कारण उन्होंने करीब एक साल पहले शरीफ पिता अहमद (निवासी सोयत) को दत्तक पुत्र के रूप में अपनाया था। वाहिद शाह का आरोप है कि शरीफ अहमद और उसकी पत्नी शब्बो बी, उन्हें लगातार गालियां देते हैं और जान से मारने की धमकी देकर घर से बेदखल कर दिया है।



## प्रशासन की बेरुखी, कागजों में सिमटी कार्रवाई

इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन बुजुर्ग दंपती को न्याय आज भी दूर की कौड़ी बना हुआ है। इससे पहले, बुजुर्ग ने उप-तहसील कार्यालय में भी शिकायत की थी। 15 जून को कस्बा पटवारी भेरूलाल दांगी, थाना प्रभारी आदित्य सोनी और नगर परिषद के अधिकारियों की मौजूदगी में एक पंचनामा बनाया गया था। उस समय शरीफ खां ने फोन पर चर्चा के दौरान दूसरे दिन घर खाली करने का वादा किया था, लेकिन वह वादा केवल कागजों तक ही सीमित रहा। तब से बुजुर्ग दंपती न्याय के लिए संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें कहीं से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

## अधिकारियों ने साधी चुप्पी पल्ला झाड़ा जिम्मेदारी से

दुखद यह है कि इस गंभीर मामले में प्रशासन का रवैया अत्यंत संवेदनहीन बना हुआ है। जब इस विषय में जानकारी लेने के लिए माचलपुर तहसीलदार कपिल शर्मा और खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन से संपर्क किया गया, तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। वहीं, जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी मढ़कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

## इनका कहना है...

हमने हमारा काम कर दिया जिन धाराओं में मामला दर्ज किया उसमे नोटिस देना रहता है अब आगे तहसील का का मामला है!

**माचलपुर थाना प्रभारी आदित्य सोनी**

नगर परिषद का काम प्रधानमंत्री आवास बनाने तक है पंचनामे के समय हमारे कर्मचारी चले गए पर कोई विवाद है तो यह थाने का मामला है!

**देवेंद्र वत्स मुख्य नगर परिषद अधिकारी माचलपुर**

## खबर संक्षेप

### नव नियुक्त एसडीएम का किया स्वागत

**आष्टा।** सकल हिन्दू समाज आष्टा के प्रतिनिधिमंडल ने नव नियुक्त अनुविभागीय अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह किरार से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट कर भारतीय परंपरा के अनुरूप साफा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें नवीन दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व एवं प्रशासनिक अनुभव से क्षेत्र में सुशासन, विकास तथा जनसेवा के कार्यों को नई गति मिलेगी।सकल हिन्दू समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने स्वागत उद्बोधन में समाज की स्थापना, उद्देश्य तथा धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि सकल हिन्दू समाज सदैव सामाजिक समरसता, राष्ट्रहित, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं समाज के बेहतर समन्वय से जनहित के कार्य अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न होते हैं।नव नियुक्त एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह किरार ने स्वागत एवं सम्मान के लिए सकल हिन्दू समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

'सेल्फ क्लिक 2.0' के तहत सघन साइबर जागरूकता अभियान चलाया

# व्यापारियों के साथ नागरिकों को डिजिटल ठगी से बचने के आष्टा पुलिस ने दिए टिप्स

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी के मार्गदर्शन में संचालित किया अभियान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




साइबर अपराधों पर नकेल कसने और आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से, पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में गुरूवार को आष्टा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

### प्रमुख स्थानों पर हुआ जन-संवाद

कार्यक्रम के तहत आष्टा के इंडियन पेट्रोल पंप (नया बस स्टैंड) और पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र के व्यापारियों एवं नागरिकों को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम में एसडीओपी दामोदर गुप्ता, थाना प्रभारी गिरीश दुबे, उपनिरीक्षक किरण सिंह राजपूत एवं अन्य स्टाफ ने हिस्सा लिया।

### साइबर ठगी से बचाव के लिए पुलिस की महत्वपूर्ण सलाह

पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को निम्नलिखित बिंदुओं के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया। गोपनीयता बरतें जैसे बैंक, पुलिस या कूरियर सेवा का नाम लेकर आने वाले कॉल पर कभी भी अपना ओटीपी, पासवर्ड या सीवीवी साझा न करें। किसी भी प्रकार के अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही एनीडेस्क या टीम वीवर जैसे एप डाउनलोड करें, क्योंकि इनसे फोन हैक होने का खतरा रहता है। 'डिजिटल अरेस्ट' है छलावाः पुलिस, ईडी या सीबीआई कभी भी वीडियो कॉल के जरिए गिरफ्तारी नहीं करती है, अतः ऐसे फर्जी कॉल्स से बिल्कुल न डरें। घर बैठे कमाई' या ज्यादा मुनाफे वाले इन्वेस्टमेंट/टास्क फ्रॉड के लुभावने प्रस्तावों और ऐसे व्हाट्सएप/टेलीग्राम ग्रुप्स से दूर रहें। अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स पर 2-स्टेप वेरीफिकेशन को अनिवार्य रूप से सक्रिय रखें। पुलिस ने नागरिकों को सलाह दी कि साइबर अपराध होने पर घबराएं नहीं और तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। ठगी के 3 घंटे के भीतर शिकायत दर्ज करने पर पैसा वापस आने की संभावना सबसे अधिक होती है। अपने नजदीकी थाने में तत्काल लिखित शिकायत दें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शासकीय डॉक्टरों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए आमजन से जागरूक रहने की अपील की। सीहोर पुलिस ने पुनः दोहराया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज के प्रति सतर्कता ही साइबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा हथियार है।

# जावर कजलास रोड पर अनियंत्रित होकर पलटी बस

## बिजली पोल तोड़कर खाई में गिरी बस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

जावर-कजलास रोड पर गुरुवार करीब 11:30 बजे एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। पाटीदार पेट्रोल पंप एवं बिजली ग्रिड के पास कजलास के समीप सवारियों से भरी एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पलट गई। बस के पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में करीब एक दर्जन यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जावर अस्पताल पहुंचाया गया है।

बता दें इन दिनों क्षेत्र में लगातार बारिश का मौसम बना हुआ है, जिससे सडक़ों पर भारी फिसलन है। बताया जा रहा है कि कजलास के पास पाटीदार पेट्रोल पंप के समीप मोड़ पर बस अचानक अनियंत्रित हो गई और पलट गई। हादसा होते ही आस-पास मौजूद स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बस के भीतर फंस घायल यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। घटना की सूचना मिलते ही जावर पुलिस टीम और 108 इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा तत्काल मौके पर पहुंची। 108 एम्बुलेंस के पायलट जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि सूचना मिलते ही वे टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत जावर के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया।

जावर अस्पताल में डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। इस हादसे में करीब एक दर्जन लोगों को चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद दो महिलाओं की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए आष्टा सिविल अस्पताल रेफर किया गया है। गंभीर रूप से घायलों में शामिल हैं, जिनमें उर्मिला बाई उम्र 50 वर्ष निवासी पिपलरावां और संजू बाई उम्र 32 वर्ष निवासी खुटंखेड़ा शामिल हैं। बाकी घायलों का इलाज जावर के अस्पताल में ही चल रहा है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। टोटल 19 यात्री घायल हुए। इस पुरी घटना में आस पास क्षेत्र के ग्रामीण, पुलिस प्रशासन, अस्पताल स्टाफ का काफी सहयोग रह।

आपको बता दें कि कृष्णा ठाकुर बस पगारिया आष्टा से पिपलरावां चलती है। बस हमेशा ओवर लोडिंग और तेज गति से दोड़ती है। क्या पुलिस प्रशासन इस हादसे के बाद जागेगा क्या होगी बसों की जांच बिना फिटनेस के ग्रामीणों में तेज गति से बसे दोडती है।

# अमरनाथ यात्रियों का जत्था दर्शन के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



नगर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का एक अनूठा माहौल देखने को मिला, जब बाबा भोलेनाथ के अनन्य भक्तों के एक विशाल जत्थे को बाबा बर्फानी के पावन धाम अमरनाथ यात्रा के लिए अत्यंत हर्षोल्लास के साथ रवाना किया गया। पूरा परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। भक्तों का यह जत्था देवाधिदेव महादेव के दर्शन के लिए पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ आगे बढ़ा।

यात्रियों को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान कर रवाना किया। यह धार्मिक और पावन यात्रा त्रिपुंड महादेव सेवा समिति आष्टा एवं शाखा जालंधर के तत्वाधान में आयोजित की गई है। डॉ. सुरुचिसिंह, कमलेश पाराशर, बृजमोहन नामदेव, बिंदु नामदेव, अमित नामदेव, मोक्ष वोहरा, परम जैन, तन्मय जैन, राहुल सुराणा, मोहित कासलीवाल, महिमा सुराणा, ऋषिता कासलीवाल, चेतन खंडेलवाल, वैशाली खंडेलवाल शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी तीर्थ यात्रियों का फूल-मालाओं से आत्मीय स्वागत किया और उन्हें यात्रा की शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि अमरनाथ यात्रा केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति की अटूट श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। आष्टा के नागरिकों को बाबा बर्फानी के दर्शन का यह सौभाग्य मिल रहा है, यह पूरे नगर के लिए गौरव की बात है। त्रिपुंड महादेव सेवा समिति जिस तरह निःस्वार्थ भाव से पिछले सात वर्षों से यह पुनीत कार्य कर रही है, वह अत्यंत वंदनीय है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि बाबा भोलेनाथ के दरबार में जाने वाले सभी भक्तों की यात्रा मंगलमय हो। हम देवाधिदेव महादेव से यही प्रार्थना करते हैं कि सभी यात्रियों की यह यात्रा पूरी तरह सुरक्षित, सुखद और कल्याणकारी हो। बाबा भोलेनाथ अपनी असीम कृपा हमारे सभी भक्तों, यात्रियों और पूरे आष्टा नगर पर सदैव बनाए रखें और नगर में सुख-समृद्धि का वास हो। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, तारा कटारिया, मोहित सोनी, वरिष्ठ पत्रकारगण सुशील संचेती, किरण रांका,सौरभ रूणवाल, विजय खंडेलवाल, आलोक वोहरा, पंकज राठी, गिरजा कुशवाह, निर्मला कुशवाह, कुशलपाल लाला सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे।

### विधायक ने विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

**आष्टा।** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम धुराडा को 3 करोड़ 84 लाख रुपये के विकास कार्यो की ग्राम पंचायत को सौगातें दी । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह में पहुच कर ग्राम धुराडा के हायर सेकेंडरी स्कूल में बनने वाले 2 करोड़ 17 लाख के अतिरिक्त कक्ष,बाउंड्रीवाल,18 लाख 98 हजार के ग्रेवल रोड,4 लाख 60 हजार से बनने वाली सीसी रोड,4 लाख 90 हजार से लगने वाले पेबर्स ब्लाक कार्य का भूमिपूजन किया।

# जावर-बीसूखेड़ी सड़क निर्माण में बरती गई लापरवाही को लेकर एसडीओ ने निरीक्षण कर सख्त निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



खबर का असर

हरिभूमि अखबार में 1 जुलाई को प्रकाशित खबर का त्वरित असर देखने को मिला है। जावर से बीसूखेड़ी तक करोड़ों की लागत से बन रही 9 किलोमीटर लंबी सड़क और पुलिया निर्माण में ठेकेदार द्वारा बरती गई भारी लापरवाही के मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी हरकत में आ गए हैं। ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि बमुलिया रायमल में बन रही पुलिया निर्माण में बेहद घटिया गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिसके चलते पुलिया के साइड का हिस्सा धंसने लगा था। इसके अलावा, सड़क के दोनों ओर पानी की निकासी के लिए उचित नाली का निर्माण नहीं किया गया था, जिससे सड़क के जल्द खराब होने का खतरा बढ़ गया था। इतना ही नहीं, ठेकेदार ने अपने घटिया काम पर पर्दा डालने के लिए क्षतिग्रस्त पुलिया के ऊपर केवल गिट्टी डाल दी थी। मौके पर पहुंचे एसडीओ, खबर प्रकाशित होने के बाद, पील्ब्ल्यूडी के एसडीओ अनमोल मिश्रा ने निर्माण स्थल का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लापरवाही की पुष्टि होने पर एसडीओ ने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। श्री मिश्रा ने बताया कि मैंने स्वयं मौके पर जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया है। ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सड़क और पुलिया का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाए। इसके अलावा, पुलिया के पास जो हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है, उसे पूरी तरह हटाकर दोबारा मानक के अनुसार बनाने का आदेश दिया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के निवासियों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों ने हरिभूमि के इस सकारात्मक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की सख्ती से अब निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनी रहेगी और जनता के पैसे का सही उपयोग होगा।



**पहली बारिश से 9 करोड़ की नवनिर्मित बीसूखेड़ी सड़क की पुलिया जर्जर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

जावर से बीसूखेडी.तक बनने वाली 9 करोड़ की सड़क ठेकेदार एवं अधिकारियों की चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट आपको बता दें कि जावर से बीसूखेडी.तक करीब 9 किलोमीटर तक बनने वाली सड़क निर्माण एजेंसी द्वारा बनाई जा रही है लेकिन काम की बात करें तो घटिया काम पुलिया जो है वह धंसने लगी, क्या बारिश झेल पाएगी।

पुलिया ग्रामीणो ने बताया कि बमुलिया रायमल की पुलिया में बहुत ही घटिया काम हुआ है जो कि थोड़ी बारिश होने से ही धंसने लगी है ठेकेदार एवं अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ेगा ग्रामीणों को ठेकेदार की मनमानी या अधिकारियों का हाथ।

# तहसीलदार ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा ने गुरुवार को सांदीपनी विद्यालय, जावर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियाँ सुव्यवस्थित एवं संतोषजनक पाई गईं। उन्होंने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था की सराहना करते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर तहसीलदार चोरमा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भविष्य के अनुरूप लक्ष्य तय करने, उसके अनुसार सुनियोजित कार्ययोजना बनाने तथा नियमित एवं अनुशासित अध्ययन करने की प्रेरणा दी। साथ ही परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के व्यावहारिक गुर भी साझा किए। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, समय का सदुपयोग, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, लगन और निरंतर अभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य नितिन कौशल ने तहसीलदार श्री चोरमा का स्वागत करते हुए उनके प्रेरणादायी उद्बोधन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मार्गदर्शन से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार होता है। इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। निरीक्षण एवं प्रेरक संवाद से विद्यालय का वातावरण उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भर उठा।

### अमरनाथ के लिए आज रवाना होगा पहला जत्था

**सीहोर।** बाबा अमरनाथ सेवा मंडल, गल्ला मंडी, सीहोर के तत्वाधान में बाबा अमरनाथ जी की पवित्र यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था पूरी श्रद्धा के साथ रवाना होने के लिए तैयार है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंडल के राम भरोस यादव ने बताया शुक्रवार को 55 सदस्यों का यह मंडल बाबा अमरनाथ जी के दर्शन के लिए प्रस्थान करेगा। उन्होंने आगे बताया कि सभी श्रद्धालु शाम चार बजे सीहोर रेलवे स्टेशन से मालवा एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से अपनी यात्रा शुरू करेंगे।

# 15 हाईस्कूलों का हायर सेकंडरी में व 5 मिडिल स्कूलों का हाईस्कूल में उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रो के दौरों पर दौरे के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के समक्ष उन ग्रामो के विद्यार्थियों, उनके पालकों, ग्रामीणजनों, कार्यकर्ताओं ने विधायक से अपने क्षेत्र,ग्‍राम के मिडिल एवं हाईस्कूलों का उन्नयन कर उनेह हाईस्कूल व हायर सेकेंड्री में उन्नयन करवाने की लगातार मांग की जा रही थी। विधायक लगातार विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिडिल एवं हाईस्कूल के बाद उच्च पढ़ाई के लिये कही दूसरे ग्राम ना जाना पढे को लेकर चिंतित थे एवं लगातार सरकार से लेकर शिक्षा विभाग के मंत्री जी से संपर्क में एवं क्षेत्र के प्रस्तावित 05 मिडिल को हाईस्कूल में तथा 15 हाईस्कूल को हायर सेकेंड्री में उन्नयन के ठोस प्रयासों में जुटे हुए थे । कहते है जब भावना पवित्र और उद्देश्य सेवा का हो तो सफलता मिल ही जाती है। विधायक की मांग पर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के 05 मिडिल स्कूलों को हाईस्कूल में एवं 15 हाईस्कूलो को हायर सेकेंडरी में उन्नयन कर आदेश जारी किये । विधायक कार्यालय से दी गई जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र के गुराड़यि रूपचंद, कन्नौद मिर्जी,दरखेड़ा, निपानिया कला, भानाखेड़ी, कजलास, गुराड़यि वर्मा, उरली, रोलागांव, पगारिया हॉट, जाफराबाद, नोगांव, छापर, अरनिया गाजी, मुगली के हाईस्कूल का हायर सेकंडरी के रूप में उन्नयन किया गया है वही आष्टा विधानसभा क्षेत्र की 05 माध्यमिक शालाओं को हाईस्कूल के रूप में उन्नयन किया गया । मप्र शासन के शिक्षा विभाग ने जिन 5 ग्रामो की माध्यमिक शालाओं का हाईस्कूल के रूप में उन्नयन किया वो ग्राम गवाखेड़ा,पीथापुरा, श्यामपुरा (मगरदा) सिंगारचोरी, आमला मज्जू की माध्यमिक शाला है । अब इन सभी 15 हाईस्कूलों एवं 05 माध्यमिक शालाओं के सैकड़ो विद्यार्थियों को हाईस्कूल एवं मिडिल तक कि पढ़ाई पूर्ण करने के बाद 9वी,10वी, 11 वी एवं 12 वी की पढ़ाई के लिये कही दूसरे ग्राम नही जाना पढ़ेगा। लोक शिक्षण संचालनालय मप्र ने एक पत्र जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर को भेज कर सभी उन्नयन हुए विद्यालयों की सभी जानकारियां निर्धारित प्रपत्र में तीन दिन में भोपाल भेजने के निर्देश दिये है । आष्टा विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में उक्त बड़ी सौगात देने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं मप्र शासन के स्कूली शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह जी का क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों, उनके पालकों,भाजपा संगठन एवं नागरिको की ओर से आभार व्यक्त किया।

तपोभूमि देव बड़ला की पहाड़ियों ने बदला अपना स्वरूप, मन को भा रहा दृश्य

# मनमोहक दृश्य श्रद्धालुओं को दे रहा सकारात्मक ऊर्जा व शांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातत्विक धरोहर देवांचल धाम देव बड़ला बीलपान जो कि चारों तरफ पहाड़ियों से घिरा हुआ क्षेत्र है देव बड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया विंध्याचल पर्वत की नाभि स्थल माना जाने वाला देव बड़ला समुद्र सतह से 2042 फीट की ऊंचाई पर है यहीं से नेवज नदी का उद्गम हुआ है। पहाड़ी से नीचे की धरातल भूमि को देखा जाए तो इस समतल भूमि से नेवज नदी का उद्गम स्थल 332 फीट की ऊंचाई पर है।

इस पहाड़ी पर चारों तरफ अनेक प्रकार के छोटे बड़े पेड़ हैं जो वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही हरे भरे हो जाते हैं। यहां का हरा भरा मनमोहक दृश्य देखकर यहां आने वाले श्रद्धालु सकारात्मक ऊर्जा व शांति का अनुभव करते हैं जो भी यहां पर आते है यहां की शुद्ध हवा व आसपास हरा-भरा घना जंगल देखते ही मंत्र मुगन हो जाते है और अधिक समय यहां पर बीतते है मेरे दादोसा हुकुम ठाकुर ओंकार सिंह भाटी जागीरदार अपनी युवा अवस्था से ही इस धरोहर की रक्षा करते हुए यहां के विकास कार्यों में हमेशा तत्पर रहते हैं अभी वर्तमान अवस्था में 100 वर्ष की उम्र होने के बावजूद भी यहां के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं लोग उन्हें (भगतजी) और (जी साहब) कहकर संबोधित करते हैं ठाकुर ओंकार सिंह जागीरदार का कहना है मेरे पूर्वज पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे भाटी राजपूत सिरदार देव बड़ला धरोहर की रक्षा करते आ रहे हैं और अगली पीढ़ीयो से भी यही निवेदन है कि आप इस धरोहर को सुरक्षा प्रदान करते रहें राष्ट्रीय राजमार्ग इंदौर भोपाल पर स्थित ग्राम मेहतवाड़ा से देव बड़ला मंदिर 10 किलोमीटर की दूरी पर है पिछले तीन दशक के लंबे संघर्ष के बाद यहां पर बीते वर्ष पक्की सड़क का निर्माण हो गया है पक्की सड़क का निर्माण होने से आने जाने वाले टूरिस्ट को सुविधा मिली है साथ ही यहां पर टूरिस्ट की संख्या भी बड़ी है श्रावण मास के प्रारंभ होते ही यहां पर रोजाना सैकड़ो की संख्या में भक्ति पहुंचते हैं श्रावण सोमवार के शुभ अवसर पर दूर दराज से बड़ी संख्या में बाबा विलवैश्वर महादेव के भक्ति कावड़ यात्री यहां पर बाबा को जल चढ़ाने पैदल आते हैं इस क्षेत्र का धार्मिक व आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है।

इस पहाड़ी में श्रावण मास में झरने बहते रहते हैं जो नीचे चलकर नेवज नदी में मिलते हैं और धीरे-धीरे नेवज नदी अपना क्षेत्रफल बढ़ती हुई आगे बहती रहती है यहां की पहाड़ी में अनेक प्रकार की जड़ी बूटी भी मिलती हैं यहां पर प्राचीन काल से ही अनेक साधु संत व सिद्ध पुरुष अपनी सिद्धि को सार्थक करने साधना करने आते रहते हैं । मंदिर परिसर में दो बड़े कुंड बने हुए हैं इन कुंडों में गर्मी में पानी नहीं रहता है लेकिन इन्हीं कुंडो के दोनों कोने में दो छोटी होदी (झिरी) बनी हुई है इनमें हमेशा ही पानी रहता है आप इसमें से यदि 10-15 लीटर पानी निकाल लेते हैं तो पुनः एक-दो घंटे में फिर से भर जाती है इस पहाड़ी से 332 फीट नीचे समतल भूमि पर भी पानी नहीं है लेकिन यह तो बाबा महादेव व नेवज महारानी की कृपा है की इन छोटी झिरियों में हमेशा ही पानी रहता है इस जंगल में सभी प्रकार के जीव जंतु वन्य प्राणी भी पाए जाते हैं जैसे तेंदुआ, नीलगाय, हिरण, जंगली सूअर, रोजडे, बंदर, मोर आदि जानवर रहते हैं।